खेल पत्रकारिता दिवस | मैदान की हर संघर्ष और हर उपलब्धि को निष्पक्षता के साथ समाज तक पहुंचाने वाले खेल पत्रकारों को समर्पित विशेष दिवस

खेलों को आगे बढ़ाने में पत्रकारों का बड़ा योगदान

नवभारत , जबलपुर । हर वर्ष विश्व खेल पत्रकारिता दिवस 2 जुलाई को मनाया जाता हैं , जब स्टेडियम में कोई खिलाड़ी रिकॉर्ड बनाता है, जब कोई टीम देश का गौरव बढ़ाती है या कोई युवा खिलाड़ी अपनी प्रतिभा से नई पहचान बनाता है, तब उस पल को दुनिया तक पहुंचाने का जिम्मा खेल पत्रकार निभाते हैं। खेल पत्रकारिता केवल मैच का परिणाम बताने तक सीमित नहीं है, बल्कि खेल संस्कृति, खिलाड़ियों की मेहनत, खेल नीतियों और खेलों से जुड़े मुद्दों को समाज के सामने लाने का एक महत्वपूर्ण माध्यम भी है।

खेल पत्रकारिता का बदलता स्वरूप

समय के साथ खेल पत्रकारिता में बड़ा बदलाव आया है। पहले जहां समाचार अगले दिन अखबारों में प्रकाशित होते थे, वहीं आज मैच के दौरान ही लाइव अपडेट, वीडियो रिपोर्ट, आंकड़ों का विश्लेषण और विशेषज्ञों की राय कुछ ही सेकंड में दर्शकों तक पहुंच जाती है। तेज़ी के इस दौर में सटीकता और विश्वसनीयता पहले से अधिक महत्वपूर्ण हो गई है।

निष्पक्षता और तथ्य खेल पत्रकारों की ताकत

एक जिम्मेदार खेल पत्रकार का दायित्व है कि वह बिना किसी पक्षपात के तथ्यात्मक रिपोर्टिंग करे। खिलाड़ियों की आलोचना हो या प्रशंसा, दोनों का आधार केवल प्रदर्शन और प्रमाण होने चाहिए। यही पत्रकारिता की विश्वसनीयता की पहचान है। खेल पत्रकारिता युवाओं को खेलों के प्रति जागरूक करती है। खिलाड़ियों की संघर्ष गाथाएं, अनुशासन और सफलता की कहानियां नई पीढ़ी को खेलों में करियर बनाने और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करती हैं।

इनका कहना है

खिलाड़ियों की मेहनत, अनुशासन और संघर्ष को सही तरीके से लोगों तक पहुंचाने में खेल पत्रकारों का बहुत बड़ा योगदान होता है। आज के डिजिटल दौर में तेज़ खबरों के साथ तथ्यात्मक और निष्पक्ष रिपोर्टिंग पहले से अधिक जरूरी हो गई है।

शैलेश गोलू जैन , हेड कोच

एक स्पोर्ट्स अकादमी से जुड़े होने के नाते मैं महसूस करती हूं कि स्थानीय स्तर पर उभर रही प्रतिभाओं को पहचान दिलाने में मीडिया की भूमिका बहुत अहम है। जब किसी युवा खिलाड़ी की उपलब्धि समाचारों में जगह पाती है, तो उसका आत्मविश्वास बढ़ता है और अन्य बच्चे भी खेलों की ओर प्रेरित होते हैं।

दीप्ति सोनकर , सह-संचालिका

मैं एक क्रिकेट खिलाड़ी हूं , मुझे एक साल होगया क्रिकेट खेलते । मेरा मानना है कि जब किसी खिलाड़ी की उपलब्धि मीडिया में दिखाई जाती है, तो उससे हमें आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलती है और हमारी मेहनत को भी पहचान मिलती है।

देविका दुबे , खिलाड़ी

भक्ति, साधना और पुण्य का पावन महीना शुरू

▶ भगवान विष्णु की आराधना, जप-तप और दान-पुण्य का विशेष महत्व, पूरे माह मनाए जाएंगे कई प्रमुख धार्मिक पर्व

नवभारत,जबलपुर। हिंदू पंचांग के अनुसार आषाढ़ मास का शुभारंभ 30 जून से हो गया है, जो 29 जुलाई तक रहेगा। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार यह वर्ष का चौथा महीना माना जाता है और इसे भक्ति, साधना, जप-तप तथा दान-पुण्य के लिए अत्यंत शुभ माना गया है। इस पूरे माह में श्रद्धालु भगवान विष्णु की विशेष पूजा-अर्चना कर धार्मिक अनुष्ठानों में भाग लेते हैं।

भगवान विष्णु की आराधना का विशेष महत्व

धर्माचार्यों के अनुसार आषाढ़ मास में भगवान विष्णु की पूजा, जप-तप और दान-पुण्य का विशेष फल प्राप्त होता है। यह महीना आध्यात्मिक उन्नति, संयम और सेवा-भाव का संदेश देता है, इसलिए श्रद्धालु पूरे माह धार्मिक अनुष्ठानों में भाग लेते हैं।

गुप्त नवरात्र और गुरु पूर्णिमा

आषाढ़ मास में गुप्त नवरात्र का भी विशेष महत्व है, जिसमें मां दुर्गा की आराधना और साधना की जाती है। वहीं आषाढ़ पूर्णिमा पर गुरु पूर्णिमा का पर्व मनाकर गुरुजनों के प्रति श्रद्धा और सम्मान व्यक्त किया जाता है। धर्माचार्यों का कहना है कि यह महीना भक्ति, साधना और सत्कर्मों के माध्यम से आत्मिक उन्नति का अवसर प्रदान करता है।

जगन्नाथ रथ यात्रा और देवशयनी एकादशी

आषाढ़ शुक्ल पक्ष की द्वितीया तिथि पर भगवान जगन्नाथ की भव्य रथ यात्रा निकाली जाती है। वहीं शुक्ल पक्ष की एकादशी को देवशयनी एकादशी मनाई जाती है। धार्मिक मान्यता है कि इस दिन से भगवान विष्णु योगनिद्रा में चले जाते हैं और चतुर्मास का आरंभ होता है। इस अवधि में विवाह, गृह प्रवेश और अन्य मांगलिक कार्य नहीं किए जाते।

एक नजर में

शहीद स्मारक में गूंजे शरद यादव के लोकतांत्रिक विचार

नवभारत, जबलपुर। पूर्व केंद्रीय मंत्री और सामाजिक न्याय के नेता शरद यादव की जयंती पर शहीद स्मारक में 'लोकतंत्र का भविष्य, छात्र राजनीति, सशक्त संवाद एवं नेतृत्व निर्माण' विषय पर भव्य विचार गोष्ठी आयोजित की गई। रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय पूर्व छात्र संघ और शरद यादव विचार मंच के संयुक्त तत्वावधान में हुए इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री राजा पटेरिया और अध्यक्ष पूर्व मंत्री लखन घनघोरिया रहे। इसके साथ ही विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व मंत्री कौशल्या गोटिया, कमलेश टेकाम, बैजनाथ कुशवाहा, वीरेंद्र चौबे, आनंद जैन, अधिवक्ता नरेंद्र जैन, दिनेश यादव, डॉ. प्रशांत मिश्रा एवं अशोक तोमर शामिल हुए। गोष्ठी में वक्ताओं ने कहा कि लोकतंत्र को मजबूत बनाने के लिए शिक्षण संस्थानों में स्वस्थ छात्र राजनीति को पुन: सक्रिय करना जरूरी है, जिससे युवाओं में नेतृत्व निर्माण हो सके। इससे पूर्व सुबह तहसील चौक स्थित ललित गार्डन में शरद यादव की प्रस्तावित प्रतिमा स्थल पर पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। रामरतन यादव एवं दिनेश सिंह ठाकुर द्वारा संचालित इस कार्यक्रम में जबलपुर, कटनी, सिहोरा, दमोह, पनागर, कुंडम और बरेला से बड़ी संख्या में समर्थक और छात्र उपस्थित रहे। इस सफल आयोजन में राज सोनकर, घनश्याम यादव, इंद्र कुमार कुलस्ते, एडवोकेट अनुराग सिंह, जगदीश नन्हेंट, सुधीर शर्मा, राधेश्याम अग्रवाल, ओपी यादव, छोटे पटेल, रामराज पटेल, वृंदावन वर्मा, राजेंद्र गुप्ता, सुबोध रिछारिया, डॉ. विनोद पटेल, तेजिंदर सिंह टीटू, सीताराम पटेल, रामकुमार पटेल, राकेश श्रीवास, सन्जू ठाकुर, राजेश यादव, घनश्याम चक्रवर्ती, आरती ठाकुर आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

डॉक्टर्स डे पर ब्रह्माकुमारीज़ संस्थान द्वारा किया गया चिकित्सकों का सम्मान

नवभारत, जबलपुर। राष्ट्रीय डॉक्टर्स डे पर प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय, शिव उपहार भवन में शहर के प्रतिष्ठित चिकित्सकों के सम्मान एवं राजयोग मेडिटेशन अनुभव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर ब्रह्माकुमारी विमला दीदी ने चिकित्सकों को सम्मान-चिन्ह भेंट कर अभिनंदन किया और अपने उद्बोधन में कहा कि चिकित्सकों का जीवन सेवा के लिए समर्पित है तथा उनके कर्म ही ईश्वर की सच्ची उपासना हैं। कार्यक्रम में ब्रह्माकुमारी विनीता दीदी ने सभी को राजयोग मेडिटेशन का विशेष अनुभव कराते हुए बताया कि यह तनावमुक्त जीवन, आंतरिक शांति और सकारात्मक सोच प्रदान करता है। कार्यक्रम के दौरान हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. पुष्पराज पटेल ने कहा कि चिकित्सा विज्ञान शरीर का उपचार करता है जबकि आध्यात्मिकता मन और आत्मा को स्वस्थ बनाती है। वहीं स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. संगीता श्रीवास्तव ने इस मेडिटेशन सत्र को चिकित्सकों के मानसिक संतुलन और धैर्य के लिए एक सराहनीय पहल बताया। इस आयोजन में प्रमुख रूप से डॉ. पुष्पराज पटेल, डॉ. अंजली मिश्रा, डॉ. संगीता श्रीवास्तव सहित शहर के अनेक प्रतिष्ठित चिकित्सक उपस्थित रहे और कार्यक्रम का कुशल संचालन ब्रह्माकुमारी पूजा बहन द्वारा किया गया।

फॉर एवर कराओके ग्रुप ने बांधा युगल गीतों का समां

नवभारत, जबलपुर। फ़ॉर एवर कराओके ग्रुप के द्वारा दत्त मंदिर में पुराने और नए गीतों की 'सौदागर' टाइटल के अंतर्गत एक से बढ़कर एक बेहतरीन नगमों की युगल गीतों की पेशकश 50 गायक और गायिका कलाकारों के द्वारा दी गई। कार्यक्रम के प्रथम चरण में मां सरस्वती के समक्ष आमंत्रित अतिथि अविनाश हळवे, संजय केकरे, बलविंदर मान और किशोर ताम्हणे के द्वारा दीप प्रज्वलित किया गया। इसके पश्चात पियुष माणके के द्वारा लता मंगेशकर का गाया 'धीर आए बदरिया, घर आजा सांवरिया' फिल्म छोटे नवाब की धुन गिटार पर बजाकर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। पराग ताम्हणे एवं प्रांजलि दिघाते के द्वारा 'सौदागर, सौदा कर दिल लेले दिल देकर' की बेहतरीन प्रस्तुति से दर्शकों को आनंदित कर दिया गया। ग्रुप की संयोजिका शिल्पा किशोर ताम्हणे ने सभी श्रोताओं के प्रति आत्मीयता से कृतज्ञता व्यक्त करते हुए सभी गायक कलाकारों को भी उनकी सुमधुर गीतों की पेशकश के लिए धन्यवाद दिया, जिससे खचाखच भरे हॉल में रसिक श्रोताओं की दिल से बजी तालियों की गड़गड़ाहट से आयोजकों की मेहनत सफल हुई। कार्यक्रम का सफल संचालन अजय फाटक के द्वारा किया गया।

स्वामी गिरिशानंद सरस्वती का 62वां वर्धापन दिवस आज



नवभारत, जबलपुर। परमहंस स्वामी गिरिशानंद सरस्वती महाराज का 62वां वर्धापन दिवस आज 2 जुलाई को श्रद्धा, भक्ति और सेवा भाव के साथ मनाया जाएगा। इस अवसर पर सुबह 9 बजे रामेश्वरम महादेव के सान्निध्य में मां नर्मदा का पूजन और दुग्धाभिषेक किया जाएगा, जिसके बाद पर्यावरण संरक्षण के संदेश के साथ 251 फलदार पौधों का रोपण होगा। इसके उपरांत स्वामी गिरिशानंद सरस्वती की पादुकाओं का पूजन कर श्रद्धालुओं में प्रसादी बांटी जाएगी। शाम 4 बजे रामेश्वरम महादेव का 51 लीटर गंगाजल से महाभिषेक होगा और शाम 6:30 बजे भव्य भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा, जिसमें श्रद्धालु गुरु महिमा का गुणगान करेंगे। आयोजन समिति की ओर से ऋतु अनिल गोयल, रविन झुनझुनवाला, रोहित दुबे, अशोक टेकरीवाल, मीनू अग्रवाल, दिलीप चतुर्वेदी, राजेश केडिया, तुषार त्रिवेदी, रमेश नवेरिया, मोनी अग्रवाल, सौरभ दुबे, भानु नवेरिया एवं के.के. चतुर्वेदी सहित सभी श्रद्धालुओं से सपरिवार उपस्थित होने की अपील की गई है।

नव प्रवेशित विद्यार्थियों का तिलक लगाकर किया स्वागत

नवभारत, जबलपुर। नए शैक्षणिक सत्र के अवसर पर शासकीय महाकोशल महाविद्यालय में नव प्रवेशित विद्यार्थियों का तिलक लगाकर आत्मीय स्वागत किया गया। इस दौरान विद्यार्थियों को महाविद्यालय के इतिहास, स्थापना वर्ष एवं यहां अध्ययन कर चुकी महान विभूतियों के बारे में जानकारी दी गई, साथ ही उन्हें ओशो इंटरनेशनल चेयर, एनसीसी, एनएसएस तथा विभिन्न शासकीय योजनाओं की

विस्तृत जानकारी भी प्रदान की गई। कार्यक्रम में महाविद्यालय में उपलब्ध शैक्षणिक सुविधाएं, खेल गतिविधियां एवं ऑनलाइन कोर्सेज के बारे में भी अवगत कराया गया। साथ ही स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन योजना के अंतर्गत प्रो. अरुण शुक्ला द्वारा विद्यार्थियों को करियर संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। अंत में विद्यार्थियों को महाविद्यालय का भ्रमण कराया गया, जिससे वे कक्षाओं एवं विभिन्न विभागों की जानकारी प्राप्त कर सकें। इस अवसर पर कार्यक्रम संयोजक प्रो. अरुण शुक्ला, प्रभारी प्राचार्य डॉ. ए.सी. तिवारी, डॉ. अमिता सिंह, डॉ. बुशरा खान, डॉ. साक्षी मरावी, डॉ. उमा भारती, डॉ. रूपाली उपाध्याय सहित महाविद्यालय के समस्त शिक्षकगण उपस्थित रहे।

मानव अधिकार आयोग की इंटर्नशिप में विधि छात्रों ने सीखे कानून के गुर

नवभारत, जबलपुर। मध्य प्रदेश मानव अधिकार आयोग में विधि संकाय के विद्यार्थियों के लिए आयोजित एक महीने का इंटर्नशिप कार्यक्रम पूरा हो गया। मध्य प्रदेश मानव अधिकार आयोग के जबलपुर क्षेत्रीय कार्यालय प्रभारी फरजाना मिर्जा से प्राप्त जानकारी के अनुसार, इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में देश के प्रतिष्ठित विधि विश्वविद्यालयों सहित मुख्य रूप से जबलपुर की धर्मशास्त्र नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी और मंगलायतन यूनिवर्सिटी के विद्यार्थियों ने भाग लिया।

विशेषज्ञों से मिला प्रशिक्षण

एक महीने के इस प्रशिक्षण के दौरान राष्ट्रीय न्यायिक अकादमी, राष्ट्रीय विधि संस्थान और अन्य विषय विशेषज्ञों द्वारा छात्र-छात्राओं को विभिन्न कानूनी विषयों की जानकारी दी गई। उप पुलिस अधीक्षक और प्रशिक्षण सत्र समन्वयक भरत नोटिया तथा शोध अधिकारी संजय विश्वकर्मा ने विद्यार्थियों को अध्ययन भ्रमण कराते हुए आयोग की विभिन्न शाखाओं की कार्यप्रणाली और शिकायतों पर होने वाली कार्रवाई का व्यावहारिक अध्ययन कराया। प्रशिक्षण पूरा होने पर कुल 33 विद्यार्थियों को आयोग की ओर से प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए। अंतिम दिन आयोग के रजिस्ट्रार लॉ संदीप कुमार श्रीवास्तव और उप सचिव डी.एस. परमार ने विद्यार्थियों को बधाई दी, जिसके बाद एलएलबी द्वितीय वर्ष के प्रशिक्षणार्थी देवांश मावली ने आभार व्यक्त किया।

मजदूर संघ ने महाप्रबंधक को दी जन्मदिवस की शुभकामनाएं

नवभारत, जबलपुर। पश्चिम मध्य रेलवे मजदूर संघ के महामंत्री अशोक शर्मा ने महाप्रबंधक, पश्चिम मध्य रेलवे दिलीप कुमार सिंह को उनके जन्मदिवस के अवसर पर शिष्टाचार भेंट कर समस्त रेल कर्मचारियों की ओर से हार्दिक शुभकामनाएँ एवं बधाई प्रेषित की, साथ ही उनके उत्तम स्वास्थ्य, सुख, शांति, दीर्घायु एवं निरंतर सफलताओं से परिपूर्ण जीवन की मंगलकामना की गई। महामंत्री अशोक शर्मा ने महाप्रबंधक के कुशल नेतृत्व, दूरदर्शी सोच तथा कर्मचारियों के कल्याण एवं संगठन के विकास के प्रति उनके सतत समर्पण की सराहना करते हुए कहा कि उनका मार्गदर्शन समस्त रेलकर्मियों के लिए प्रेरणास्रोत है।



मूक बधिर दिव्यांगों ने लिया नशा मुक्त रहने का संकल्प

नवभारत, जबलपुर। भारत सरकार के नशा मुक्त भारत अभियान के तहत सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग और शांतम प्रज्ञा आश्रम के संयुक्त तत्वावधान में 1 जुलाई को पुलिस बधिर सहायता केंद्र लॉर्डगंज थाने में एक जागरूकता कार्यक्रम संपन्न हुआ। राष्ट्रगान से शुरू हुए इस कार्यक्रम में मूक बधिर दिव्यांगजनों को नशा मुक्त रहने की महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। केंद्र के संचालक साइकोलॉजिस्ट मुकेश कुमार सेन ने शराब, गांजा, गुटका, बीड़ी और स्मैक जैसे मादक पदार्थों से होने वाली मानसिक व शारीरिक बीमारियों के प्रति सजग किया।

आधुनिक खेती सिखाने वाला खेत बचाओ अभियान हुआ पूरा

नवभारत, जबलपुर। भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के खरपतवार अनुसंधान निदेशालय, जबलपुर द्वारा 1 से 30 जून तक चलाया गया 'खेत बचाओ अभियान' सफलतापूर्वक पूरा हुआ। इस देशव्यापी पहल के तहत आयोजित अभियान में किसानों, वैज्ञानिकों, पंचायत प्रतिनिधियों, कृषि विक्रेताओं, किसान संगठनों और स्वयं सहायता समूहों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस अभियान का नेतृत्व 'मेरा गाँव, मेरा गौरव' के नोडल अधिकारी

और प्रधान वैज्ञानिक डॉ. पी. के. सिंह ने किया।

हजारों किसानों को मिला तकनीकी ज्ञान-इस अभियान के दौरान वैज्ञानिकों ने जबलपुर और आसपास के करीब 60 गांवों का दौरा किया। उन्होंने प्रदर्शनियों, चर्चाओं, गोष्ठियों और सम्मेलनों के जरिए 5,600 से अधिक किसानों को सीधी जानकारी दी। इस दौरान मिट्टी की जांच के आधार पर खाद के सही उपयोग, प्राकृतिक खेती, पानी की बचत, खरपतवार नियंत्रण, हरी खाद और कम लागत में अधिक पैदावार जैसी टिकाऊ तकनीकों पर जोर दिया गया। वैज्ञानिकों ने किसानों को मिट्टी में जैविक कार्बन बढ़ाने, जैव उर्वरकों के इस्तेमाल, फसल बदलने और मौसम के अनुकूल खेती अपनाने के फायदे समझाए।

यात्रा | यात्रा पर निकलने से पहले श्रद्धालुओं ने भगवान भोलेनाथ का किया स्मरण

बाबा बर्फानी के दर्शन को रवाना हुए श्रद्धालु छात्र

नवभारत, जबलपुर। शहर से बुधवार को लगभग 50 से 60 छात्र श्रद्धा और उत्साह के साथ पवित्र अमरनाथ यात्रा के लिए रवाना हुए। यात्रा पर निकलने से पहले श्रद्धालुओं ने भगवान भोलेनाथ का स्मरण कर सुरक्षित एवं सफल यात्रा की कामना की। रेलवे स्टेशन/प्रस्थान स्थल पर परिजनों और शुभचिंतकों ने उनका तिलक लगाकर एवं पुष्पमालाओं से स्वागत करते हुए मंगलमय यात्रा की शुभकामनाएं दीं। यात्रा में शामिल छात्रों के चेहरों पर बाबा बर्फानी के दर्शन को लेकर विशेष उत्साह देखने को मिला।

पूरी तैयारी के साथ रवाना हुआ दल

श्रद्धालुओं ने कहा कि अमरनाथ यात्रा उनके लिए आस्था, विश्वास और आध्यात्मिक अनुभव का महत्वपूर्ण अवसर है। यात्रा के दौरान सभी आवश्यक सुरक्षा और स्वास्थ्य संबंधी दिशा-निर्देशों का पालन करने की भी बात कही गई। आयोजकों ने बताया कि यात्रा दल आवश्यक तैयारियों और पंजीकरण की प्रक्रिया पूरी करने के बाद रवाना हुआ। श्रद्धालुओं से पूरी यात्रा के दौरान अनुशासन बनाए रखने तथा प्रशासन द्वारा जारी निर्देशों का पालन करने की अपील की गई।

इनका कहना है

बाबा बर्फानी के दर्शन करना मेरे लिए सौभाग्य की बात है। मैं यात्रा के लिए बेहद उत्साहित हूं और सभी की सुख-समृद्धि की प्रार्थना करूंगा।

मानस केशरवानी

अमरनाथ यात्रा पर जाना मेरा लंबे समय से सपना था। बाबा बर्फानी के दर्शन का अवसर मिलने से मैं बेहद खुश और उत्साहित हूं।

आदि सोनी

विशेष ट्रेन से चातुर्मास का आमंत्रण देने गुना पहुंचे श्रद्धालु

नवभारत, जबलपुर। संस्कारधानी के श्रद्धालुओं ने निर्यापक श्रमण सुधासागर महाराज को अपने शहर में चातुर्मास करने का निवेदन करने के लिए विशेष ट्रेन से गुना पहुंचकर एक नया इतिहास रचा। भारतीय रेलवे के इतिहास में पहली बार किसी संत के चातुर्मास के लिए पूरी स्पेशल ट्रेन बुक करके श्रद्धालु पहुंचे हैं।

इससे पहले करीब एक महीना पहले भी जबलपुर के लोग बसों और कारों के बड़े काफिले के साथ महाराज के दर्शन करने गए थे। इस बार विशेष ट्रेन के जरिए गुना पहुंचे भक्तों ने गुरुवर से आगामी चातुर्मास जबलपुर में करने की पावन प्रार्थना की। भक्तों की इस अनूठी श्रद्धा पर मुनि पुंगव सुधासागर महाराज ने मुस्कुराते हुए कहा कि यह एक परीक्षा की तरह है, जिसमें अभी आप लोग डिस्टिंक्शन के करीब पहुंचे हैं, लेकिन मेरिट में आने के लिए अभी और अधिक पुण्य, पुरुषार्थ, धैर्य और भक्ति की जरूरत है। जबलपुर के जैन समाज और श्रद्धालुओं को पूरा विश्वास है कि उनकी कोशिश सफल होगी और जल्द ही उन्हें शहर में महाराज के चरणों का सानिध्य प्राप्त होगा।